RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : बुधवार 31 मई 2023 | वर्ष 05 | अंक 41 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# महाराष्ट्र में अब किसानों को हर साल मिलेंगे 12000 रुपये

## शिंदे सरकार ने 'नमो किसान महा सम्मान निधि योजना' को दी मंजूरी...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य के किसानों के लिए बड़ा ऐलान किया है। 'नमो शेतकारी महा सम्मान निधि योजना' के तहत किसानों को हर साल 6000 रुपए दिए जाएँगे। ये पहले से चल रही 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' के अतिरिक्त होगा। इस तरह महाराष्ट्र के किसानों को अब केंद्र और राज्य सरकार से सालाना 12,000 रुपए मिलेंगे। ताजा योजना की राशि भी 3 किस्तों में किसानों के बैंक खाते में सीधे भेजी जाएगी। महाराष्ट्र कैबिनेट की बैठक में इस फैसले पर मुहर लगाई गई। बता दें कि महाराष्ट्र में फिलहाल 'बाळासाहेबांची शिवसेना' और भाजपा की गठबंधन सरकार चल रही है। भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस राज्य के उप-मुख्यमंत्री होने के साथ-साथ वित्त मंत्री भी हैं। ताजा योजना का लाभ उठाने के लिए किसानों के पास मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता का विवरण, आय प्रमण पत्र, जमीनी दस्तावेज, मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।



'नमो शेतकारी महा सम्मान निधि योजना' का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा, जो महाराष्ट्र के स्थायी निवासी हैं। किसानों के पास खुद की जमीन भी होनी चाहिए, जिस पर वो खेती करते हों। जो महाराष्ट्र के कृषि विभाग में रजिस्टर्ड नहीं हैं, उन्हें रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जो बैंक खाता आधार कार्ड से जुड़ा होगा, पैसा उसमें ही जाएगा। महाराष्ट्र में कपास का उत्पादन करने वाले इलाकों में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नई टेक्सटाइल नीति को भी मंजूरी दे दी गई है। इसके जरिए 25,000 करोड़ रुपए का निवेसन आकर्षित करने की योजना बनाई गई है। नए श्रम नियम को भी मंजूरी दी गई है, जिसके तहत मजदूरों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्यों को लेकर उनके हित में नियम बनाए गए हैं। सिल्लोड तालुका में मक्का अनुसंधान केंद्र स्थापित करने का निर्णय भी लिया गया है। महिला केंद्रित पर्यटन नीति बनाई गई है। नई सूचना प्रौद्योगिकी समर्थन सेवा नीति भी लागू हो गई है, जिसके तहत 95,000 करोड़ का निवेश लाया जाएगा।

# मरीन ड्राइव पर पब्लिक टॉयलेट बनाने का विरोध शुरू...


## स्थानीय नागरिकों ने कहा- बीएमसी के खिलाफ निकालेंगे मोर्चा

**मुंबईः** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के मरीन ड्राइव पर बीएमसी द्वारा बनाये जा रहे टॉयलेट का अब विरोध शुरू हो चुका है। यह विरोध स्थानीय नागरिकों द्वारा किया जा रहा है। बीएमसी द्वारा यह टॉयलेट मरीन ड्राइव के नरीमन पॉइंट वाले छोर पर बनाया जा रहा है। नागरिकों का कहना है कि टॉयलेट की वजह से जगह का हेरिटेज लुक जायेगा। साथ ही असामाजिक तत्वों के भी इकठ्ठा होने की आशंका रहेगी। बीएमसी ने यह कवायद तब शुरू की है जब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इलाके का दौरा किया था। इसी दौरान उन्होंने बीएमसी अधिकारियों को हर एक किलोमीटर पर पब्लिक टॉयलेट बनाने का आदेश दिया था।माना जा रहा है कि बीएमसी पब्लिक टॉयलेट के साथ साथ वीविंग डेक और सी साइड प्लाजा का भी निर्माण करेगी। जैसे बीएमसी ने दादर और गिरगांव चौपाटी पर बनाया है। लोकल रेसिडेंट संगठन ने यह मुद्दा उठाया है.



मरीन ड्राइव सिटीजन एसोसिएशन के अशोक गुप्ता ने बीएमसी के ए वार्ड के अधिकारी को स सम्बन्ध में पत्र लिखा है। उन्होंने हमें पत्र में लिखा है कि हमें पर्यटकों के लिए टॉयलेट बनाने से कोई तकलीफ नहीं है लेकिन जगहों का चुनाव टॉयलेट के लिए किया गया है। उससे हमें आपत्ति है। उन्होंने यह मांग भी की है कि बीएमसी द्वारा ऐसा कोई भी कदम उठाये जाने के दौरान स्थानीय नागरिकों को भी विश्वास में लेना चाहिए। ताकि हमारी सलाह भी ली जा सके और संसाधनों का उचित उपयोग हो सके। इसके साथ ही लोगों को कोई तकलीफ न होने पाए.

# पुलिस के सामने नहीं पेश हुए द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्देशक, मांगी एक महीने की मोहलत






फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्देशक सनोज मिश्रा ने कोलकाता पुलिस से पूछताछ के मद्देनजर पेश होने के लिए एक महीने का वक्त मांगा है. उन्होंने कोलकाता पुलिस को एक लेटर भेजा है, जिसमें अपने काम और बीमारी का हवाला देते हुए पेशी के लिए वक्त की मांग की है. द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के विवादित ट्रेलर को लेकर कोलकाता पुलिस ने हाल ही में सनोज मिश्रा के खिलाफ मामला दर्ज किया था. इसके बाद पुलिस ने उन्हें लीगल नोटिस भेजकर 30 मई यानी आज पूछताछ के लिए पेश होने के लिए कहा था.

अपने लेटर में सनोज मिश्रा ने कहा है कि मैं मुंबई में रहता हूं और काम की वजह से हमेशा व्यस्त रहना पड़ता है. इसके अलावा उन्होंने ये भी दावा किया कि वो किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, जिसकी वजह से आज पुलिस के सामने पेश नहीं हो पाएंगे. उन्होंने मेडिकल से जुड़े कागजात भी पुलिस को भेजें हैं. पत्र में उन्होंने कहा है कि अभी वो पेश नहीं हो पाएंगे. सनोज मिश्रा ने कहा कि पेशी के लिए उन्हें कम से कम एक महीने के वक्त की जरूरत है. सनोज मिश्रा द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल नाम की फिल्म बना रहे हैं. इसके ट्रेलर में दावा किया गया है कि पश्चिम बंगाल की सरकार वहां रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसा रही है. इसके अलावा इसमें हिंदुओं की हत्या और शरीयत कानून को लेकर भी किए विवादित दावे किए गए हैं .

# कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने मणिपुर हिंसा पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन सौंपा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ आज दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को देखते हुए राष्ट्रपति मुर्मू को एक ज्ञापन सौंपा है। इसमें कांग्रेस की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय जांच आयोग के गठन सहित 12 मांगें की गई है। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए रमेश ने कहा कि जब 3 मई को मणिपुर जल रहा था, तब पीएम मोदी कर्नाटक चुनाव में व्यस्त थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस



तभी से मांग कर रहा हैं कि केंद्र सख्त कार्रवाई करे। मणिपुर के पूर्व मुख्यमंत्री ओकराम इबोबी सिंह, जो मणिपुर में सीएलपी नेता भी हैं, ने कहा कि मणिपुर के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। भारत में जो हो रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है. 3 मई को मणिपुर में जातीय हिंसा हुई थी, जिसमें दर्जनों लोगों की मौत हुई। भले ही हिंसा थम गई है, लेकिन राज्य के हालात अब भी सामान्य नहीं हैं। इस बीच मणिपुर पीसीसी अध्यक्ष केशम मेघचंद्र ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते सवाल किए है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में अशांति के परिणामस्वरूप निर्दोष लोग मारे गए हैं, घरों को आग के हवाले कर दिया गया है और राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया गया है। प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं? भाजपा सरकार स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय नहीं कर रही है.




# संपादकीय / लेख



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

## लाचार पहलवान...

यह विचित्र विडंबना थी कि जिस समय देश की नयी संसद देश को समर्पित करने की प्रक्रिया चल रही थी, उसी दौरान दिल्ली पुलिस जंतर–मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों व उनके समर्थकों को बलपूर्वक हटा रही थी। इतना ही नहीं, उनके खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है। दरअसल, ये पहलवान दूसरी बार कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष रहे व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर धरना दे रहे थे। हिरासत में लिये गये पहलवानों व समर्थकों को अलग–अलग स्थानों पर रखा है। पहलवानों ने पुलिस पर बुरा व्यवहार करने का आरोप लगाया है। बताते हैं देर रात पुलिस ने महिला पहलवानों विनेश फोगाट, साक्षी मलिक व संगीता फोगाट को छोड़ दिया। दरअसल, महम में महिला पहलवानों के समर्थन में हुई खाप पंचायत ने नवनिर्मित संसद भवन के उद्घाटन वाले दिन दिल्ली में महिला महापंचायत करने का आह्वान किया था, जिसे चुनौती मानते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। पुलिस की दलील थी कि जिन लोगों ने बैरिकेड तोड़कर आगे जाने की कोशिश की उन्हें हटाकर दूसरी जगह ले जाया गया। इस कार्रवाई के बाद किसान नेता राकेश टिकैत ने दिल्ली के गाजीपुर बॉर्डर पर किसानों के प्रदर्शन का आह्वान किया था। बाद में किसानों ने चेताया कि आगामी पंचायत में पहलवानों का मुद्दा शामिल किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि महिला पहलवानों ने इस मामले में प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की थी। विडंबना यह है कि केंद्र सरकार के किसी भी मंत्री ने इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, जिससे पिछली 23 अप्रैल से दिल्ली के जंतर–मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों को संबल मिल सके। उल्लेखनीय है कि इस साल की शुरूआत में भी पहलवानों ने दबंग सांसद व कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन किया था, जिस पर महिला पहलवानों ने यौन शोषण, वित्तीय अनियमितताओं, बुरे व्यवहार से जुड़े गंभीर आरोप लगाये थे। यह भी कि वह महिला पहलवानों की निजी जिंदगी में दखल देते हैं और परेशान करते हैं।

उल्लेखनीय है कि तब बृजभूषण शरण सिंह ने भी दलील दी थी कि यदि यौन शोषण के आरोप सत्य साबित होते हैं तो वे फांसी पर लटकने को तैयार हैं। जनवरी में पहली बार हुए धरने के बाद केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने पहलवानों से मुलाकात करके जांच के लिये पांच सदस्यीय निरीक्षण समिति बनाने की घोषणा की थी। मुक्केबाज एमसी मैरीकॉम की अध्यक्षता वाली इस कमेटी में ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त भी शामिल थे। बाद में पहलवान बबीता फोगाट को भी इस समिति में शामिल किया गया था। लेकिन सवाल उठे कि छह हफ्ते में रिपोर्ट देने की बाध्यता के बावजूद तीन महीने बाद भी जांच और उसके निष्कर्ष सामने क्यों नहीं आये, जिसके विरोध में फिर 23 अप्रैल से पहलवानों ने दूसरी बार धरना दिया। उसके बाद पुलिस में भी बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शिकायत की गई।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# खूबसूरती के नाम पर पेड़ों से खिलवाड़

**मुंबई** : जी-२० की पृष्ठभूमि में शहर में खूबसूरती के नाम पर जगह-जगह पेड़ों को रंगीन लाइटों से सजाया गया है। ये लाइटें देर रात तक जलती रहती हैं। ऐसे खूबसूरती बढ़ाने के चक्कर में भविष्य में इन पेड़ों के साथ-साथ पर्यावरण को किस कदर नुकसान हो सकता है, इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। खूबसूरती के नाम पर पेड़ों की जिंदगी से खिलवाड़ हो रहा है।

गौरतलब है किईडी सरकार ने जी-२० आयोजन की पृष्ठभूमि में पूरी मुंबई को खूबसूरत बनाने के लिए जगह-जगह रंग-रोगन करवाया है। जहां पर मेट्रो के काम शुरू हैं, वहां बेरिकेड्स पर जी-२० के पोस्टर लगवा दिए हैं। यहां तक कि जहां मुख्य सड़कों के किनारे झोपड़े हैं, वहां पर्दे लगाकर ढंकने की कोशिश की गई है। इसके अलावा सड़क के लाइट पोल पर विभिन्न डिजाइन के




लाइट्स लगाए गए हैं। इसी तरह सड़क के किनारे लगे पेड़ों पर लाइटिंग करवाई गई है, ताकि सड़क के बगल की खूबसूरती बढ़ जाए। लेकिन खूबसूरती बढ़ाने के चक्कर में पेड़ों पर की गई एलईडी लाइटिंग का भविष्य में पेड़ों के स्वास्थ्य और पर्यावरण पर कितना दुष्प्रभाव पड़ेगा इस बारे में सोचने की सुध ईडी सरकार को नहीं है।

इस खूबसूरती के चलते पेड़ों को कितना नुकसान झेलना पड़ रहा है, इसको लेकर पर्यावरण विशेषज्ञ और वृक्ष प्रेमी में नाराजगी तो है ही, साथ ही लोग भी दबी जुबान में इस बेवजह की गई लाइटिंग पर सरकार को कोस रहे हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि पेड़ों पर की जानेवाली लाइटिंग को न केवल बंद करना चाहिए बल्कि इसके खिलाफ कोई कड़े नियम बनाए जाने चाहिए और यदि नियम बनाए भी जाते हैं तो उनका कड़ाई से पालन भी किया जाना चाहिए।

वृक्ष प्रेमी डॉ. नागेश टेकाले का कहना है कि पेड़ों पर लाइटिंग नहीं होनी चाहिए। रात में पेड़ सोए रहते हैं। ऐसे में यदि पेड़ पर लाइटिंग की जाती है और देर तक लाइटें जलती रहती हैं तो उसकी गर्मी से पेड़ जग जाते हैं। इससे पेड़ की दिनचर्या गड़बड़ा जाती है। इस लाइटिंग के लिए कई बार पेड़ों पर कीलें भी ठोकनी पड़ती हैं, जिस वजह से पेड़ों की जल वाहिनी और अन्न वाहिनी डैमेज हो जाती है, जिससे कुछ महीनों बाद पेड़ सूखने लगते हैं। इसके खिलाफ एक्शन लेना चाहिए।

# मुंबई में कोरोना से १५ मासूम बच्चों की मौत!



**मुंबई** : कोरोना की तीनों लहरों में बुजुर्गों के साथ-साथ मासूम बच्चे भी प्रभावित हुए। इसका अंदाजा स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों से लगाया जा सकता है। साल २०२० से अब तक मुंबई में कोरोना से १५ मासूम बच्चों की मौत हो चुकी है। ये बच्चे शून्य से एक साल के बीच के हैं। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में करीब १० लाख बच्चे कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। गोरेगांव में चार महीने के बच्चे की मौत ने एक बार फिर इस बात को उजागर कर दिया है कि कोविड अभी भी एक ज्वलंत मुद्दा है। स्वास्थ्य विभाग अभी भी लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मार्च २०२० से २३ मई २०२३ तक राज्य में ८१,६८,९३३ लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके हैं। इनमें से तीन फीसदी यानी २,५७,४५३ मरीज १० साल के थे, जबकि आठ फीसदी यानी ६,१६,४४७ मरीज ११ से २० साल की उम्र के बच्चे और युवा थे। इस बीच मई महीने में अब तक राज्यभर में कोविड के ३,०४२ मामले सामने आ चुके हैं। उनमें से केवल चार मामले ०-४० आयु वर्ग के थे। इनमें से केवल चार मामले १५ से ४० वर्ष के बीच के थे, जबकि ९७ मामले ० से १० साल के बच्चों के थे। इसी तरह ११ से २० साल की उम्र के २३९ मामले मिले। एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, अकेले अप्रैल में राज्य में ३.१ फीसदी यानी ० से १० साल की उम्र के ६८६ लोग कोविड से संक्रमित हुए हैं। दूसरी तरफ बीते दिनों विश्व स्वास्थ्य संगठन पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि कोविड महामारी नहीं है। साथ ही अब इससे कोई खतरा नहीं है।

# एनसीबी की टीम को चकमा देने के लिए ड्रग तस्करों ने जहर की खेती...



**मुंबई** : देश की लगभग समूची अर्थव्यवस्था खेती और उससे संबंधित उद्यमों पर टिकी है। लेकिन कुछ खुराफाती तत्व देश में ऐसी खेती करने लगे हैं, जिसे समय रहते नहीं रोका गया, तो यह न केवल देश की अर्थव्यवस्था का भट्ठा बैठा देगी बल्कि लाखों हिंदुस्थानियों की जीवनलीला को खत्म कर देगी। दरअसल, ड्रग्स तस्करी को रोकने के लिए बंदरगाहों और हवाई अड्डों पर मंडरा रही एनसीबी की टीम को चकमा देने के लिए ड्रग तस्करों ने जहर की खेती करने का खतरनाक तरीका खोज लिया है। इजरायल मूल की 'हाइड्रोफोनिक' यानी जलीय खेती और जापान मूल की बागवानी पद्धति 'बोनसाई' के तरीके को अपनाकर विदेशी ड्रग तस्कर अब देश के विभिन्न हिस्सों में ड्रग्स की खेती करने लगे हैं।

विशालकाय पेड़ों को आपके गमले में सजा देने की क्षमता रखनेवाली जापानी बोनसाई कलम पद्धति का ड्रग्स तस्कर खतरनाक इस्तेमाल करने लगे हैं। ये तस्कर अब बोनसाई तरीके से छोटे-छोटे कमरों में भांग और अफीम की खेती करने लगे हैं। छोटे-छोटे कमरों में लैब बनाकर सिंथेटिक ड्रग्स तैयार करने लगे हैं। ड्रग्स तस्कर गोवा, मिजोरम, नोएडा, सतना जैसे इलाकों में घर-घर नशीले पौधे लहलहाने और घर-घर तस्कर तैयार करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। नशीले पौधों की छोटी-छोटी बोनसाई खेती आनेवाले समय में बड़ी तबाही ला सकती है।

मई की शुरूआत में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने गोवा में एक इंटरनेशनल ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया था। इस दौरान एक ओलंपिक पदक विजेता रूसी महिला तैराक वगानीवा को गिरफ्तार किया गया। १९८० में मॉस्को ओलंपिक में अपने देश सोवियत रूस के लिए तैराकी का पदक जीत चुकी वगानीवा कोविड की लहर पर सवार होकर २०२१ में रूस से गोवा पहुंची और वहां टिककर नशे का धंधा करने लगी। वगानीवा से पूछताछ में पता चला कि इस रैकेट का सरगना रूस का एक पूर्व पुलिसकर्मी आंद्रे है।




# 24 घंटे में सुलझी हत्या की गुत्थी, सीसीटीवी फुटेज को खंगाला,फिर हाथ आया शातिर हत्यारा



**विरार:** मांडवी पुलिस ने हत्या की एक बड़ी गुत्थी सुलझाई है। दरअसल मांडवी पुलिस ने बिना किसी सबूत के हत्या का गंभीर अपराध करने वाले आरोपी को २४ घंटे के भीतर गिरफ्तार कर उसे हवालात में ठूस दिया है। यह कार्रवाई परिमंडल ३ डीसीपी सुहास बावचे व एसीपी रामचंद्र देशमुख व मांडवी थाने के सीनियर पी.आई व प्रफुल्ल वाघ, पो.नि.श्री. शिवानंद देवकर (क्राइम),स.पो.नि. बाबासाहेब पाटील, संदिप सावंत व पो.उप.नि. अभिजीत टेलर की टीम ने की है। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने सोमवार को दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि २५ मई को उसगांव तालाब की ओर जाने वाली कच्चा वाली सड़क पर सफेद हाफ शर्ट और सफेद पैंट पहने लगभग ५५ से ६० साल के एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला।इसकी सूचना मांडवी थाने को मिली, मांडीवी थाने के अधिकारी व कर्मचारी ने तत्काल उक्त स्थान पर पहुंचे और निरीक्षण किया.प्रथम द्दष्टया यह देखा गया कि उपरोक्त व्यक्ति की मौत सिर और चेहरे पर चोट लगने के कारण हुई है,इस संबंध में की गई प्राथमिक जांच में मृतक का नाम भीवा भीक्या वायडा उम्र ६० वर्ष,निवासी-ऊसगाव, पो. भाताणे वे रूप में शिनाख्त हुई। उपरोक्त मामले में शिवानंद शशीकर देवकर (पी.आई क्राइम) की शिकायत पर मांडवी पुलिस ने आरोपी पर कलम ३०२ के तहत केस दर्ज किया था।पुलिस ने बताया कि उक्त गंभीर अपराध के संबंध में वरिष्ठजनों द्वारा दिये गये निर्देश एवं मार्गदर्शन के अनुसार मांडवी थाना के अधिकारियों एवं प्रवर्तकों द्वारा घटना स्थल के निरीक्षण के दौरान जिस स्थान पर भीया वायडा का शव मिला था उस स्थान पर सीमेंट के पत्थर पर खून के धब्बे देखे गये.साथ ही घटना स्थल के पास स्टीलमैक कंपनी के बाहर सी.सी.टी.वी फुटेज दिनांक २४ मई को २१:३८ बजे जिसके सिर पर कम बाल हैं और उसने पूरी बाजू की कमीज और थपकी पहन रखी है,शख्स घटना स्थल से उसगांव नाका की ओर शिरसद नाका की ओर फिर राष्ट्रीय राजमार्ग सं.४८ देखा गया कि वह गुजरात चैनल पर सर्विस रोड से विरार फाटा की ओर पैदल जा रहा था।इस संबंध में गुप्त मुखबिर व तकनीकी विश्लेषण से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी विनोद ऊर्फ कांद्या महादू बसवत,रा.ऊसगाव के रूप में निष्पन्न हुआ।पुलिस ने बताया कि चूंकि आरोपी अपनी मां के साथ अकेला रहता था, इसलिए पता चला कि वह ज्यादातर समय घर से बाहर रहता था और मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने के कारण उसे ट्रेस करना चुनौतीपूर्ण था।इसलिए आगे सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद आरोपी को शिरसाड गांव से हिरासत में लिया गया।अपने पति ऊपर के अपराध की जांच करते हुए,वह पाता है कि मृत भीवा वायडा हा भगत के रूप में काम कर रहा है, इसलिए उसे विनोद उर्फ ???? कांड्या की पत्न ी को वापस लाने के लिए यह कहकर विनोद उर्फ ??कंद्या से २००० रुपये ले लिया,लेकिन जागरण के बाद भी विनोद ऊर्फ कांद्या महादू बसवत की पत्नी २४ मई को रात ०८:०० बजे दोबारा अपने घर नहीं आई। विनोद उर्फ ??कांड्या और मृतक भीवा वायडा के बीच कहासुनी हो गई,इस वजह से पता चला है कि उपरोक्त आरोपी ने साथ में शराब पीने के बाद मृतक सिर सीमेंट के पत्थर से वार कर उसकी हत्या कर दी।हालाँकि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है व आगे की तहकीकात एपीआई संदिप सावंत कर रहे है।

# महाराष्ट्र में भीषण हादसा, कार के नदी में गिरने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत...




**नासिक :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में मंगलवार को एक कार नदी में गिर गई, जिससे चार साल की एक बच्ची सहित एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, छह अन्य घायल हो गये।


**जालना से मालेगांव जा रही थी कार**

एक अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना नंदगांव तालुका में पंजन नदी पुल पर देर रात करीब एक बजे हुई, जब कार एक परिवार के 10 सदस्यों को लेकर जालना से मालेगांव जा रही थी। उन्होंने बताया कि हादसे में मंसूरी परिवार के तीन सदस्य डॉ याकूब रमजान मंसूरी (50), अफरोज अब्दुल लतीफ (35) और शिफा (4) की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए।

**जम्मू में बस दुर्घटना में 10 लोगों की मौत**


इससे पहले, जम्मू-कश्मीर के झज्जर कोटली इलाके में अमृतसर से माता वैष्णो देवी जा रही एक बस खाई में गिर गई, जिससे 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 55 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, एक अन्य घटना में केरल के त्रिशूर जिले में इरिंजलकुडा के पास मंगलवार की सुबह दो बसें आपस में टकरा गईं, जिससे 25 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में से दो की हालत गंभीर है।


# मोदी सरकार के ९ वर्ष...मोदीं९ अभियान के तहत भाजपा वसई विरार जिला ने किया विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन



**वसई :** मोदी सरकार के ९ वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मोदीं९ अभियान के तहत संपूर्ण देशभर में लोकसभा स्तर पर महाजनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया है। मोदीं९ अभियान के तहत होने वाले विविध कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उपाध्यक्ष और प्रसिद्धि प्रमुख मनोज बारोट ने बताया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णय के अनुसार महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने महाराष्ट्र के सभी ४८ लोकसभा में मोदीं९ के तहत विविध कार्यक्रम और सभाएं आयोजित करने की सूचना सभी जिला अध्यक्षों की दी है। प्रदेष अध्यक्ष की सूचना अनुसार वसई विरार जिला अध्यक्ष राजन नाईक ने जिला के तहत आने वाले सभी ६ शहर अध्यक्ष,पदाधिकारी और कार्यकर्ताआ से बैठक लेकर सभी कार्यक्रम के संयोजक की नियुक्ति कर बूथ स्तर पर सूचना पहुंचाकर इस अभियान को सफल करने की सूचना दी है.यह अभियान ३० मई से ३० जून तक चलेगा. अभियान का शुभारंभ वीडियो कांप्रेंष्ठेंस द्वारा ३० और ३१ मई को कार्यकताओं को संबोधित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेगें। इस अभियान में १ जून से २२ जून दरम्यान संपर्क से समर्थन के तहत विशाल जाहिरसभा, बुद्धिजीवी, प्रभावशाली व्यक्ति, व्यापारी,ज्येष्ठ कार्यकर्ता, लाभार्थियों का सम्मेलन किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कामों के स्थानों का दौरा,२१ जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस निमित्त बड़े पैमाने पर योग अभ्यास का आयोजन किया जाएगा और २० जून से ३० जून के दरम्यान सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता मोदी सरकार द्वारा ९ वर्ष के कार्यकाल में जनहित एवं देशहित में लिए गए निर्णयों की जानकारी घर घर पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। इस प्रकार भाजपा वसई विरार जिला द्वारा मोदीं९ अभियान का नियोजन जिला अध्यक्ष राजन नाईक के मार्गदर्शन में किया गया है।

# राजमाता अहिल्याबाई होलकर और क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा हटाई, विपक्ष सरकार पर हमलावर...





**मुंबई :** दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में सावरकर जयंती मनाते हुए राजमाता अहिल्याबाई होलकर और क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा हटा दी गई हैं। इसे लेकर विपक्ष पूरी तरह से सरकार पर हमलावर हो गया है।

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने मांग की है कि समाज की प्रेरणास्त्रोत इन दोनों महान महिलाओं का अपमान काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को इसके लिए राज्य की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले और अहिल्याबाई होलकर की मूर्तियों को महाराष्ट्र सदन से हटाए जाने की कड़ी निंदा की है। सोमवार को तिलक भवन में पत्रकारों से बात करते हुए पटोले ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं का सम्मान नहीं करती है। ऐसी चीजें केवल उनकी महिला विरोधी मानसिकता को दशार्ती हैं। आज भाजपा के पास सत्ता है। ऐसे में वह कुछ भी कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सत्ता के दम पर एक नया इतिहास रचने की कोशिश कर रही है, लेकिन यह ज्यादा दिनों तक नहीं चलेगा। महाराष्ट्र सदन में जो हुआ, इसके लिए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री छगन भुजबल ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले के बारे में आपत्तिजनक लेख लिखने वाली 'इंडिक टेल्स' वेबसाइट पर प्रतिबंध लगाकर लेखक के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सावित्रीबाई फुले की कृतियों के बारे में 'इंडिक टेल्स' के लेख में बहुत ही अपमानजनक भाषा का उपयोग किया गया है, यह बहुत ही पीड़ादायक और अपमानजनक है। छगन भुजबल द्वारा इसकी कड़ी निंदा की गई है।


# मेडिकल छात्रा से परीक्षा में पास होने के लिए प्रोफेसर ने मांगी आबरू... मामला दर्ज




**पालघर :** पालघर जिले में 21 वर्षीय छात्रा से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के मामले में मेडिकल कॉलेज के एक प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक एमबीबीएस की पहले वर्ष की छात्रा की शिकायत के आधार पर प्रोफेसर के खिलाफ धारा 354 के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी ने बीते 2 अप्रैल को छात्रा को अपने केबिन में बुलाया और उससे सवाल किया था कि वह एक विषय में फेल क्यों हो गई। छात्रा ने आरोप लगाया कि टीचर ने कथित तौर पर उससे कहा कि अगर वह परीक्षा पास करना चाहती है तो उसे उसे कुछ देना होगा। इस दौरान टीचर ने उसे गलत तरीके से छुआ और उसके साथ छेड़छाड़ भी की। पीड़ित छात्रा नागपुर की रहने वाली पीड़िता ने घर जाकर अपनी मां से शिकायत की और इसके बाद में दोनों ने पालघर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।




# दिल्ली में लड़की की बेरहमी से हत्या पर सांसद नवनीत राणा बोलीं- 'मैं मांग करती हूं कि ऐसे बदमाश को तुरंत...'



**महाराष्ट्र :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में नाबालिग लड़की की चाकू से गोदकर निर्मम हत्या कर दी गई. सोशल मीडिया पर वायरल हुए हत्या के इस वीडियो को देखकर हर किसी की रूह कांप गई. लड़की के कत्ल का इल्जाम साहिल नाम के शख्स पर लगा है. इस बीच महाराष्ट्र के अमरावती से निर्दलीय सांसद नवनीत राणा ने इस जघन्य हत्याकांड की निंदा करते हुए आरोपी को तुरंत फांसी दिए जाने की मांग की है. उन्होंने ट्वीट कर कहा, ''मैं मांग करती हूं कि ऐसे बदमाश को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए और मैं इस मुद्दे को संसद में भी उठाऊंगी.'' आरोपी साहिल और मृतका में शनिवार को दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था. रविवार को लड़की अपने किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी में जा रही थी, तभी साहिल ने उसे सड़क पर रोका और उस पर चाकू से हमला कर दिया. इसके बाद आरोपी ने उसके सिर पर किसी भारी वस्तु से हमला किया जिससे उसका सिर फट गया और उसकी मौत हो गई. इस पूरी घटना में हैरानी की बात ये रही कि लड़का बीच सड़क पर सरे राह लड़की पर चाकू से हमला करता रहा, लेकिन वहां से गुजरने वाले लोग मूकदर्शक बने रहे और किसी ने उसे रोकने की कोशिश नहीं की और आरोपी उसे जख्मी कर वहां से भागने में कामयाब रहा. प्रारंभिक पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि आरोपी ने लड़की पर चाकू से 16 बार हमला किया था. 20 वर्षीय आरोपी साहिल को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से गिरफ्तार कर लिया है.

# 22 विधायक, नौ सांसद शिंदे की शिवसेना छोड़ना चाहते हैं

## उद्धव ठाकरे की पार्टी का बड़ा दावा

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की राजनीति ने हाल के समय में काफी उथल-पुथल देखी है। अब उद्धव शिवसेना के सांसद विनायक राउत ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि शिंदे शिवसेना के 22 विधायक और नौ सांसद पार्टी छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। विनायक राउत ने दावा किया कि शिंदे शिवसेना के 13 में से 9 सांसद उद्धव ठाकरे की शिवसेना के संपर्क में हैं।

राउत ने ये भी कहा कि शिंदे शिवसेना के सांसद इसलिए नाराज हैं क्योंकि उनके काम नहीं किए जा रहे हैं और साथ ही उन्हें तिरस्कार भी झेलना पड़ रहा है। विनायक राउत का यह दावा शिंदे शिवसेना के सांसद गजानन कीर्तिकर के उस बयान के बाद आया है, जिसमें कीर्तिकर ने कहा था कि भाजपा द्वारा शिंदे शिवसेना की अवहेलना की जा रही है और एनडीए का हिस्सा होने के बावजूद उन्हें उचित सम्मान नहीं मिल रहा है।



### महाराष्ट्र विकास अघाड़ी मिलकर लड़ेगा चुनाव- अजित पवार

वहीं एनसीपी नेता अजित पवार ने सोमवार को अपने एक बयान में कहा है कि शिवसेना-भाजपा के गठबंधन को हराने के लिए महाविकास अघाड़ी गठबंधन लोकसभा और विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ेगा। उन्होंने कहा कि एमवीए के नेता अपनी पार्टी के बारे में सोचे बिना योग्यता के आधार पर उम्मीदवार का चयन किया जाएगा। पवार ने ये भी कहा कि एमवीए की पार्टियां भाजपा-शिवसेना गठबंधन के सामने अकेले चुनाव नहीं लड़ सकतीं।

### देसाई ने की राउत से माफी की मांग

**राउत ने ये भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार के मंत्री शंभुराजे देसाई ने 15 दिन पहले उद्धव ठाकरे को संदेश भेजकर मिलने की इच्छा जताई थी। राउत ने कहा कि देसाई इस बारे में बात करना चाहते हैं कि वह कितनी घुटन महसूस कर रहे हैं। हालांकि देसाई ने ठाकरे को संदेश भेजने की बात को खारिज कर दिया है। साथ ही देसाई ने विनायक राउत से माफी की मांग की है नहीं तो कानूनी कार्रवाई की धमकी भी दी है। देसाई ने कहा कि वह राउत को दो दिन का नोटिस दे रहे हैं अगर राउत ने अपना बयान वापस नहीं लिया तो वह कानूनी कार्रवाई करेंगे।**

# ठाणे में आग लगने से 3 गोदाम जलकर खाक, कोई हताहत नहीं



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार देर रात एक गोदाम परिसर में भीषण आग लगने से कम से कम तीन गोदाम जल कर खाक हो गए। नगर निकाय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ठाणे नगर निगम के क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ (आरडीएमसी) के प्रमुख अविनाश सावंत ने बताया कि मुंब्रा-पनवेल मार्ग पर शिलफाटा में स्थित गोदाम परिसर में देर रात करीब दो बजे आग लग गई, इसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि गोदामों में प्लास्टिक तथा गत्ते रखे थे, जिससे आग और फैल गई। आग बुझाने के काम में काफी मुश्किलें आ रही हैं। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर आरडीएमसी की टीम तथा दमकल की चार गाड़ियों को भेजा गया। अधिकारी ने बताया कि आग बुझाने का काम अब भी जारी है और आग लगने के कारणों के बारे में अभी पता नहीं चल पाया है।

# कार से 8.30 लाख रुपये मूल्य का गांजा जब्त, हुए 2 गिरफ्तार...



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक कार से 8.30 लाख रुपये मूल्य का 41 किलोग्राम गांजा जब्त किया और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन गायकवाड़ ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने जाल बिछाया और भिवंडी इलाके के रजनोली जंक्शन पर शनिवार शाम को एक कार को रोका जिसमें दो लोग सवार थे। पुलिस ने कार से 8.30 लाख रुपये मूल्य का गांजा जब्त किया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दो मोबाइल फोन और कार को भी जब्त कर लिया। अधिकारी के मुताबिक, पुलिस ने आरोपियों की पहचान प्रसाद संतोष चौवाले (26) और किरण भक्त्या कोंडा (27) के रूप में की है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मादक एवं नशीला पदार्थ निषेध से संबंधित एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# राज ठाकरे से मिले देवेंद्र फडणवीस...

## महाराष्ट्र की राजनीति में गर्म हुआ चर्चाओं का बाजार



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, मेडिकल एजुकेशन विभाग के जरिये ओरल हेल्थ का मिशन शुरू किया है जिसके लिए भारत रत्न सचिन तेंदुलकर से 5 साल का एग्रीमेंट किया है वो भी फ्री में किया है. राज ठाकरे से मुलाकात पर फडणवीस ने कहा, राज ठाकरे के साथ जो मुलाकात हुई वो राजनीतिक नहीं थी. मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कहा, 'पूरा उद्धव ठाकरे गुट ही असंतुष्ट है. वहां जितनी असंतुष्टि है उतनी और कहीं नहीं है. उनपर क्या कहना आगे देखिए क्या होता है.

### क्या है इस बैठक के मायने?

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सोमवार देर रात मनसे प्रमुख शिवतीर्थ स्थित आवास पर गए और राज ठाकरे से मुलाकात की. अचानक हुई इस मुलाकात से राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई है. हालांकि, दोनों नेताओं के बीच चर्चा के सटीक विषयों का कारण और पूरी जानकारी सामने नहीं आई है.

### क्या खत्म हो गई दरार?

पिछले एक साल से राज्य में चल रही राजनीतिक उठापटक के बीच बीजेपी और राज ठाकरे के बीच नजदीकियां बढ़ गई थी. लेकिन पिछले कुछ दिनों में राज ठाकरे ने कुछ मुद्दों पर बीजेपी की आलोचना की थी. बीजेपी नेताओं ने भी उन्हें करारा जवाब दिया था. इससे राजनीतिक हलकों में एक बार फिर दोनों पार्टियों के बीच अनबन की चर्चा शुरू हो गई थी.

### बैठक में क्या हुई चर्चा

बीजेपी और मनसे के बीच नजदीकियां बढ़ने के बाद मुंबई नगर निगम और आगामी चुनावों के लिए दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की बात चल रही थी. लेकिन दोनों पक्षों के नेताओं ने कभी इसकी पुष्टि नहीं की. लेकिन अब राजनीतिक गलियारा इस बात को लेकर उत्सुक है कि देवेंद्र फडणवीस और राज ठाकरे के बीच बैठक में वास्तव में क्या चर्चा हुई.

# मुंबई में शांति बनाए रखने के लिए 11 जून तक के लिए निषेधाज्ञा लागू



**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने सोमवार को 11 जून तक के लिए निषेधाज्ञा लागू करते हुए शांति भंग होने से रोकने के लिए पांच या उससे अधिक लोगों की आवाजाही या गैर-कानूनी सभा पर प्रतिबंध लगा दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। निषेधाज्ञा आदेश में कहा गया है कि पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने, लाउडस्पीकर के इस्तेमाल और तेज आवाज वाले उपकरणों का इस्तेमाल, संगीत मंडलियों और पटाखे छोड़ने, जुलूस निकालने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हालांकि विवाह समारोह, अंतिम संस्कार, कंपनियों की वैधानिक बैठक, क्लब, सहकारी सोसायटियों को इससे छूट दी गई है। आदेश के अनुसार फिल्मों, नाटकों या प्रदर्शनों को देखने के उद्देश्य से सिनेमा घरों, थिएटर या सार्वजनिक मनोरंजन के किसी भी स्थान पर या उसके आस-पास और स्कूल, कॉलेज के आस-पास लोगों के एकत्र होने की भी छूट दी गई है।

# कोंकण रेलवे की पटरियों पर जल्द ही दौड़ेगी मुंबई-गोवा वंदे भारत, जून में होगी शुरूआत, 7 घंटे में पूरी करेगी यात्रा



**मुंबई :** कोंकण रेलवे की पटरियों पर भी जल्द ही वंदे भारत दौड़ने वाली है. मुंबई से गोवा जाने वाली इस सेमी-हाइ स्पीड ट्रेन के जून में चलने की उम्मीद है. पिछले कुछ दिनों से गोवा के मडगांव और मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस(सीएसटी) के बीच ट्रेन का ट्रायल चल रहा है. यह ट्रेन भारत की आर्थिक राजधानी और देश के पर्यटन केंद्र गोवा के बीच सफर की सूरत बदल कर रख देगी. अभी भी कुछ ट्रेन हैं जो मुंबई और गोवा को जोड़ती हैं, लेकिन वंदे भारत उन सभी से तेज गति की ट्रेन है. यह दोनों शहरों के बीच की यात्रा को महज 7 घंटे में पूरा कर देगी. कोंकण रेलवे के अधिकारी ने अपना नाम नहीं बताने की शर्त पर जानकारी दी कि अब तक दो स्टेशन के बीच 8 से 9 घंटे का वक्त लगता था. हालांकि अधिकारी ने उद्घाटन की संभावित तारीख और प्रस्तावित रूट के बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं 3 - 4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावला क्रॉस रोड नं 12, गोरगांव ( पूर्व ), मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com